Bharat Temples

बनोगे राधा तो ये जानोगे,
की कैसा प्यार है मेरा।।
तर्ज ओ साहिबा

बनोगे राधा तो ये जानोगे,
की कैसा प्यार है मेरा,
ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे।।

क्या होती प्रतीक्षा है,
क्या पीड़ा होती है,
कितना जलता है दिल,
जब आँखे रोती है,
बहेंगे आँसू तब ये जानोगे,
की कैसा प्यार है मेरा,
ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे।।

जब कोई सुनेगा ना,
तेरे मन के दुखड़े,
जब ताने सुन सुन कर,
होंगे दिल के टुकड़े,
सुनोगे ताने तो ये जानोगे,
की कैसा प्यार है मेरा,
ओ साँवरे ओ साँवरे,

ओ साँवरे ओ साँवरे।।

पनघट में मधुबन मे,
वो इंतजार करना,
ऐ श्याम तेरी खातिर,
वो घुट घुट कर मरना,
करोगे इंतजार जानोगे,
की कैसा प्यार है मेरा,
ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे।।

क्या जानोगे मोहन,
तुम प्रेम की भाषा,
क्या होती है आशा,
क्या होती निराशा,
करोगे प्रेम तो खुद ये जानोगे,
की कैसा प्यार है मेरा,
ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे।।

अब एक तमन्ना है,
अगर फिर से जनम मिले,
मै श्याम बनु तेरा,
तू राधा बन के जिये,
बनोगे राधा तो ये जानोगे,
की कैसा प्यार है मेरा,
ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे।।

Source: https://www.bharattemples.com/banoge-radha-to-ye-jaanoge-hindi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw